उत्तर प्रदेश शासन

गृह (गोपन) अनुभाग-3

संख्या: I/949400 /2025 -सी0एक्स0-3

लखनऊ: दिनांक 30 अप्रैल, 2025

**अधिसूचना**

चूँकि नीचे अनुसूची में नामित और सविस्तार वर्णित भू-गृहादि ऐसा स्थान है, जिसका प्रयोग गेल इण्डिया लिमिटेड द्वारा फूलपुर से हलदिया तक बिछायी गयी गैस पाइपलाइन के माध्यम से घरेलू उपयोग, उर्वरक संयंत्रों, और संयंत्र में स्थापित मशीनों के माध्यम से संयंत्र में सी एन जी गैस पाइपलाइन की अन्य कंपनियों को गैस की आपूर्ति के लिए किया जाता है;

और चूँकि उससे सम्बन्धित या उसके नष्ट होने या उसमें रूकावट या विघ्न पड़ने की सूचना से शत्रु को लाभ पहुँचेगा ;

और चूँकि भारत का संविधान के अनुच्छेद 258 के खण्ड (1) के अनुसरण में, गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने, भारत के गजट, असाधारण दिनाँक 11 मई, 1963 के भाग दो की धारा 3 की उपधारा (दो) में प्रकाशित अधिसूचना संख्या-एस0ओ0 1285 दिनाँक 04 मई, 1963 द्वारा शासकीय गुप्त बात अधिनियम, 1923 (अधिनियम संख्या 19 सन् 1923) की धारा 2 के खण्ड (8) के उपखण्ड (ग) तथा (घ) में विनिर्दिष्ट किसी मामले के सम्बन्ध में केन्द्रीय सरकार के कृत्यों को उत्तर प्रदेश राज्य सरकार को न्यस्त किया है;

अतएव, अब, गृह मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना संख्या-एस0ओ0-1285, दिनाँक 04 मई, 1963 के साथ पठित पूर्वोक्त अधिनियम की धारा-2 के खण्ड (8) के उपखण्ड (घ) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल नीचे दी गयी अनुसूची में नामित और सविस्तार वर्णित भू-गृहादि को पूर्वोक्त अधिनियम के प्रयोजनों के लिए एक **''प्रतिषिद्ध स्थान''** घोषित करते हैं और राज्यपाल अग्रतर यह निदेश देते हैं कि इस अधिसूचना की एक प्रति अंग्रेजी में और उस स्थान की जनभाषा में उक्त भू-गृहादि पर लगायी जायेगी।

**अनुसूची**

| **प्रतिषिद्ध स्थान का नाम और विनिर्देश** | |
|---|---|
| जगदीशपुर- हल्दिया-बोकारो-धामरा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन (जे एच बी डी पी एल) प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा पाइपलाइन प्रोजेक्ट-हल्दिया गैस आपूर्ति पाइपलाइन के अधीन सेक्शनलाइज्ड वाल्व स्टेशन- 3 जी, सी एन जी स्टेशन उर्वरक संयंत्र और हाउस होल्ड खसरा संख्या-141, गेल इण्डिया लिमिटेड के ग्राम- बसिरहाँ का खाता संख्या 00206, परगना व तहसील-निजामाबाद, जिला-आजमगढ़, उत्तर प्रदेश। | |
| पूर्व में- | चकमार्ग गाटा सं0-139 |
| पश्चिम में- | जुज भाग गाटा सं0-141 |
| उत्तर में- | गम्भीरपुर-मार्टिनगंज मार्ग |
| दक्षिण में- | जुज भाग गाटा सं0-141 |

आज्ञा से,

Signed by
Rajesh Kumar
Date: 30-04-2025 16:19:52

( राजेश कुमार )
सचिव।